पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
Email : sdsuvrishikesh@gmail.com

दिनांक : 08.07.2023

नवीन प्रवेशार्थियों हेतु अति आवश्यक सूचना

पं0 ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत B.A. / B.Sc. / B.Com. / BBA / BCA प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु जिन छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया था तथा प्रथम वरीयता सूची में नाम आ गया है। वे अपनी काउंसिलिंग के समय **समर्थ पोर्टल पर अपलोडेड डॉक्यूमेंट्स की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति सहित** समिति के समक्ष **दिनांक 12.07.2023 से 15.07.2023** के मध्य प्रस्तुत होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

1. हाईस्कूल अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र
2. इण्टरमीडिएट अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र
3. आधार कार्ड
4. स्थाई निवास प्रमाण–पत्र
5. जाति प्रमाण–पत्र
6. चरित्र प्रमाण–पत्र
7. स्थानांतरण प्रमाण–पत्र
8. छात्र द्वारा शपथ–पत्र(प्रारूप क) एवं पिता या अभिभावक की घोषणा शपथ पत्र (प्रारूप ख)। **(संलग्न)**
9. NCC/NSS/Scout/Sports etc. प्रमाण–पत्र यदि हो।
10. पुलिस वेरिफिकेशन(केवल अन्य राज्यों के छात्र–छात्राओं के लिए)
11. एंटी रैगिंग प्रमाण पत्र https://www.antiragging.in/affidavit_affiliated_form.php

नोट : छात्र/छात्रायें अपना ABC (Academic Bank Credit) एवं Aushman Bharat Hospital Account (ABHA) में भी पंजीकरण करायें।

8.7.23

(प्रो. महावीर सिंह रावत)
प्राचार्य

Annexure - 1

प्रारूप (क)

छात्र द्वारा शपथ–पत्र

1. मैं शपथ पूर्वक प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी के रूप में अपना व्यवहार तथा आचरण ठीक रखूंगा/रखूँगी तथा किसी समाज विरोधी कार्यवाही में भाग नही लूंगा/लूंगी एवं विश्वविद्यालय अधिनियम/परिनियम/अध्यादेश तथा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करूगा/करूँगी अन्यथा मैं विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही स्वीकार करने को बाध्य रहूँगा/रहूँगी।

2. मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि प्रवेश आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये सभी विवरण सत्य हैं। यदि किसी समय कोई भी प्रविष्टि असत्य पायी गयी तो विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय मुझे मान्य होगा।

3. मैं शपथपूर्वक प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा इस सत्र में किसी अन्य संस्थान के किसी भी अन्य कक्षा में प्रवेश नहीं लिया है।

4. मैं महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी शुल्क समयानुसार जमा करूँगा/करूँगी। यदि मैं समय पर शुल्क जमा नहीं करता/करती हूँ तो महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को मेरा प्रवेश निरस्त करने अथवा मुझे परीक्षा में वैठने की अनुमति न देने का पूर्ण अधिकार होगा।

5. यदि मैं विश्वविद्यालय के प्रवेश नियमों के विरूद्ध किसी अन्य पाठ्यक्रम में इस अथवा अन्य विश्वविद्यालय में इसी सत्र (Current Session) में संस्थागत छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेश लेता/लेती हूँ तो इस विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में मेरा प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा।

6. यदि मेरी उपस्थिति विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार पूर्ण नहीं होती है तो मुझे परीक्षा में बैठने की अनुमति न देने का विश्वविद्यालय का पूर्ण अधिकार रहेगा।

छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर–

प्रति हस्ताक्षरित

(सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर/संस्थान के शिक्षक द्वारा)

प्रारूप (ख)

पिता अथवा अभिभावक की घोषणा

मैं विश्वास दिलाता हूँ कि श्री / कु0 / श्रीमती ....
जो मेरे संरक्षण में रहेंगे / रहेंगी, विश्वविद्यालय में नामांकित छात्र / छात्रा के रूप में अपने अध्ययन के पूरे समय अपना व्यवहार एवं आचरण उचित रखेंगे / रखेंगी। यदि वे उपर्युक्त शपथ का पालन करने में असफल रहते / रहती हैं तो, इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा की गयी अनुशासनात्मक कार्यवाही स्वीकार करने को मेरा पाल्य बाध्य होगा तथा सम्बन्धित प्राधिकारी का निर्णय मुझे मान्य होगा।

हस्ताक्षर–पिता / अभिभावक